1. 2025 में, किन दो भारतीय शहरों को देश के पहले रामसर-मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों के रूप में स्वीकृति दी गई थी ?

(A) उदयपुर और भोपाल

(B) भोपाल और श्रीनगर

(C) श्रीनगर और कोच्चि

(D) इंदौर और उदयपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 2025, which two Indian cities were recognised as the country's first Ramsar-accredited Wetland Cities ?

(A) Udaipur and Bhopal

(B) Bhopal and Srinagar

(C) Srinagar and Kochi

(D) Indore and Udaipur

(E) None of the above

2. सुरेंद्र कुमार पचौरी द्वारा लिखित किस पुस्तक का विमोचन जनवरी 2026 में भारत के उपराष्ट्रपति ने किया था ?

(A) *चैलिस ऑफ एम्ब्रोसिया : राम जन्मभूमि – चैलेंज एंड रिस्पॉन्स*

(B) *सिंग, डांस एंड लीड*

(C) *द लाइब्रेरी मैन ऑफ इंडिया*

(D) *द सेज हू रीइमैजिन्ड हिंदूइज्म*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which book, authored by Surendra Kumar Pachauri, was released by the Vice-President of India in January 2026 ?

(A) *Chalice of Ambrosia : Ram Janmabhoomi – Challenge and Response*

(B) *Sing, Dance and Lead*

(C) *The Library Man of India*

(D) *The Sage Who Reimagined Hinduism*

(E) None of the above

3. भारत के किस प्राचीन बौद्ध स्थल को 2026 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था ?

(A) साँची

(B) नालंदा

(C) सारनाथ

(D) अजंता की गुफाएँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which ancient Buddhist site in India was inscribed on the UNESCO World Heritage List in 2026 ?

(A) Sanchi

(B) Nalanda

(C) Sarnath

(D) Ajanta Caves

(E) None of the above

4. दिसंबर 2025 में आयोजित 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान ने निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित किया :

(A) पंचायती राज संस्थाओं का क्षमता निर्माण

(B) ग्राम पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी

(C) जन शिकायत निवारण और सेवा वितरण में सुधार

(D) पंचायत सेवाओं का डिजिटल वितरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 'Prashasan Gaon Ki Ore' campaign, held in December 2025, focused on :

(A) Capacity building of Panchayati Raj Institutions

(B) Preparation of Gram Panchayat Development Plans

(C) Public grievance redressal and improving service delivery

(D) Digital delivery of Panchayat services

(E) None of the above

5. 2025 में भारत की पहली विदेशी रक्षा विनिर्माण सुविधा किस देश में चालू हुई ?

(A) मोरक्को (B) मिस्र
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) अल्जीरिया
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

India's first overseas defence manufacturing facility became operational in 2025 in which country ?

(A) Morocco (B) Egypt
(C) South Africa (D) Algeria
(E) None of the above

6. वर्ष 2025 के लिए दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) की अध्यक्षता किस देश के पास थी ?

(A) इंडोनेशिया (B) वियतनाम
(C) मलेशिया (D) थाईलैंड
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country held the Chairmanship of the Association of Southeast Asian Nations (ASEAN) for the year 2025 ?

(A) Indonesia (B) Vietnam
(C) Malaysia (D) Thailand
(E) None of the above

7. 2025 में छत्तीसगढ़ सरकार/जिला प्रशासन की घोषणा के अनुसार किस जिले को भारत का पहला बाल-विवाह मुक्त जिला घोषित किया गया ?

(A) बालोद (B) सूरजपुर
(C) राजनांदगांव (D) दुर्ग
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

As per the announcement by the Chhattisgarh Government/district administration in 2025, which district was declared India's first child marriage-free district ?

(A) Balod (B) Surajpur
(C) Rajnandgaon (D) Durg
(E) None of the above

8. सितंबर 2025 में आयोजित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2023 के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किस दिग्गज भारतीय अभिनेता को सम्मानित किया गया ?

(A) मोहनलाल
(B) कमल हासन
(C) रजनीकांत
(D) ममूटी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which veteran Indian actor was conferred the Dadasaheb Phalke Award for the year 2023 at the 71st National Film Awards ceremony held in September 2025 ?

(A) Mohanlal
(B) Kamal Haasan
(C) Rajinikanth
(D) Mammootty
(E) None of the above

9. 2025 में जम्मू-कश्मीर में उद्घाटन किए गए विश्व के सबसे ऊँचे रेलवे मेहराबदार पुल का क्या नाम है ?

(A) अंजी पुल
(B) बोगीबील पुल
(C) पंबन पुल
(D) चिनाब पुल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the name of the world's highest railway arch bridge inaugurated in Jammu & Kashmir in 2025 ?

(A) Anji Bridge
(B) Bogibeel Bridge
(C) Pamban Bridge
(D) Chenab Bridge
(E) None of the above

10. 2025 की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन कहाँ हुआ था ?

(A) पेरिस (B) बीजिंग

(C) लंदन (D) टोक्यो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where were the 2025 World Athletics Championships held ?

(A) Paris (B) Beijing

(C) London (D) Tokyo

(E) None of the above

निर्देश : नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (11 से 15) के उत्तर दीजिए :

***Direction :** Study the following table and answer the questions (11 to 15) that follow :*

पाँच औद्योगिक क्षेत्रों (U, W, X, Y और Z) द्वारा तीन तिमाहियों (Q1, Q2 और Q3) में की गई बिजली की खपत (MWh में)

Electricity consumption (in MWh) in three quarters (Q1, Q2 and Q3) by five industrial zones (U, W, X, Y and Z)

औद्योगिक क्षेत्र / Industrial Zone	बिजली की खपत (MWh में) / Electricity Consumption (in MWh)			कुल / Total
	Q1	Q2	Q3	
U	120	150	180	450
W	180	210	240	630
X	160	180	220	560
Y	240	240	300	780
Z	200	220	260	680
कुल / Total	900	1000	1200	3100

11. Q1 से Q3 तक क्षेत्र U की बिजली की खपत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 60% (B) 70%

(C) 50% (D) 40%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage did the electricity consumption of Zone U increase from Q1 to Q3 ?

(A) 60% (B) 70%

(C) 50% (D) 40%

(E) None of the above

12. Q1 में क्षेत्रों Y और Z की संयुक्त बिजली की खपत का, Q3 में क्षेत्रों U और X की संयुक्त बिजली की खपत से अनुपात क्या है ?

(A) 12 : 13 (B) 17 : 15

(C) 11 : 10 (D) 15 : 13

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined electricity consumption of Zones Y and Z in Q1 to the combined electricity consumption of Zones U and X in Q3 ?

(A) 12 : 13 (B) 17 : 15

(C) 11 : 10 (D) 15 : 13

(E) None of the above

13. Q3 में प्रति क्षेत्र बिजली की औसत खपत और Q1 में प्रति क्षेत्र बिजली की औसत खपत के बीच कितना अंतर है ?

(A) 40 MWh (B) 70 MWh

(C) 50 MWh (D) 60 MWh

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the average electricity consumption per zone in Q3 and the average electricity consumption per zone in Q1 ?

(A) 40 MWh (B) 70 MWh

(C) 50 MWh (D) 60 MWh

(E) None of the above

14. यदि क्षेत्र Y की Q3 की बिजली की खपत में से 40 MWh क्षेत्र X को पुन: आवंटित किया जाए, जबकि Q3 की कुल खपत अपरिवर्तित रहे, तो क्षेत्र X की संशोधित Q3 की खपत का क्षेत्र Y की संशोधित Q3 की खपत से अनुपात क्या होगा ?

(A) 1 : 1

(B) 3 : 4

(C) 2 : 3

(D) 2 : 1

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 40 MWh of Zone Y's Q3 electricity consumption is reassigned to Zone X, while the total Q3 consumption remains unchanged, what would be the ratio of the revised Q3 consumption of Zone X to the revised Q3 consumption of Zone Y ?

(A) 1 : 1

(B) 3 : 4

(C) 2 : 3

(D) 2 : 1

(E) None of the above

15. Q1, Q2 और Q3 में हुई कुल बिजली की खपत के आधार पर, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में दूसरी सर्वाधिक खपत दर्ज की गई ?

(A) क्षेत्र X (B) क्षेत्र Z

(C) क्षेत्र W (D) क्षेत्र Y

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Based on the total electricity consumption across Q1, Q2 and Q3, which of the following zones recorded the second-highest consumption ?

(A) Zone X (B) Zone Z

(C) Zone W (D) Zone Y

(E) None of the above

निर्देश : नीचे दिए गए पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (16 से 20) के उत्तर दीजिए :


***Direction :** Study the following pie chart and answer the questions (16 to 20) that follow :*

सुपरमार्केट में ताज़े फलों के स्टॉक का वितरण

Distribution of fresh fruit stock in a supermarket

ताज़े फलों का कुल स्टॉक = 900 kg

Total stock of fresh fruits = 900 kg



16. यदि सेबों का मूल्य ₹ 2 प्रति kg और अंगूरों का मूल्य ₹ 4·50 प्रति kg है, तो सेबों और अंगूरों का पूरा स्टॉक बिकने पर कुल कितनी राशि प्राप्त होगी ?

(A) ₹ 1,250

(B) ₹ 1,100

(C) ₹ 1,050

(D) ₹ 1,200

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Apples are priced at ₹ 2 per kg and Grapes at ₹ 4·50 per kg, what will be the total amount received if the entire stock of both Apples and Grapes is sold ?

(A) ₹ 1,250

(B) ₹ 1,100

(C) ₹ 1,050

(D) ₹ 1,200

(E) None of the above

17. सेब का स्टॉक, संतरे के स्टॉक से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(A) 50·5%
(B) 60·5%
(C) 65·5%
(D) 62·5%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The stock of Apples is what percentage greater than the stock of Oranges ?

(A) 50·5%
(B) 60·5%
(C) 65·5%
(D) 62·5%
(E) None of the above

18. एक स्थानीय बेकरी, सुपरमार्केट से 25 kg सेब, 75 kg केले और 80 kg संतरे खरीदती है । यदि अंगूरों का स्टॉक अपरिवर्तित रहता है, तो केलों को दर्शाने वाला संशोधित केंद्रीय कोण कितना होगा ?

(A) 100°
(B) 110°
(C) 90°
(D) 105°
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A local bakery purchases 25 kg of Apples, 75 kg of Bananas and 80 kg of Oranges from the supermarket. If the stock of Grapes remains unchanged, what will be the revised central angle representing Bananas ?

(A) 100°
(B) 110°
(C) 90°
(D) 105°
(E) None of the above

19. सेब और संतरों के संयुक्त भार का केले और अंगूरों के संयुक्त भार से अनुपात क्या है ?

(A) 7 : 4
(B) 3 : 1
(C) 3 : 2
(D) 6 : 5
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined weight of Apples and Oranges to the combined weight of Bananas and Grapes ?

(A) 7 : 4
(B) 3 : 1
(C) 3 : 2
(D) 6 : 5
(E) None of the above

20. यदि सुबह 20% सेब और 40% केले बेचे जाते हैं, तो बेचे गए फलों का कुल भार कितना है ?

(A) 195 kg
(B) 165 kg
(C) 175 kg
(D) 180 kg
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 20% of the Apples and 40% of the Bananas are sold in the morning, what is the total weight of fruits sold ?

(A) 195 kg
(B) 165 kg
(C) 175 kg
(D) 180 kg
(E) None of the above

21. कन्नौज के शासक हर्षवर्धन की संस्कृत जीवनी *हर्षचरित* की रचना निम्नलिखित में से किसने की थी ?

(A) बाणभट्ट
(B) कालिदास
(C) हरिषेण
(D) विशाखदत्त
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following composed the *Harshacharita*, the Sanskrit biography of Harshavardhana, the ruler of Kannauj ?

(A) Banabhatta
(B) Kalidasa
(C) Harishena
(D) Vishakhadatta
(E) None of the above

22. दिल्ली सल्तनत के पहले शासक राजवंश, ममलुक (गुलाम) राजवंश की स्थापना किसने की थी ?

(A) ताजुद्दीन यिल्दिज़
(B) शम्सुद्दीन इल्तुतमिश
(C) नसीरुद्दीन कबाचा
(D) कुतुबुद्दीन ऐबक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who founded the Mamluk (Slave) Dynasty, the first ruling dynasty of the Delhi Sultanate ?

(A) Taj-ud-Din Yildiz
(B) Shams-ud-Din Iltutmish
(C) Nasir-ud-Din Qabacha
(D) Qutb-ud-Din Aibak
(E) None of the above

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर मगध के प्राचीन राज्य की पहली राजधानी था ?

(A) वैशाली
(B) राजगृह
(C) चम्पा
(D) पाटलिपुत्र
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following cities served as the first capital of the ancient kingdom of Magadha ?

(A) Vaishali
(B) Rajagriha
(C) Champa
(D) Pataliputra
(E) None of the above

24. त्रिपिटक के किस पिटक में बुद्ध के उपदेशों और शिक्षाओं को संकलित किया गया है ?

(A) सुत्त पिटक
(B) विनय पिटक
(C) धारणी पिटक
(D) अभिधम्म पिटक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which Pitaka of the Tripitaka are the discourses and teachings of the Buddha contained ?

(A) Sutta Pitaka
(B) Vinaya Pitaka
(C) Dharani Pitaka
(D) Abhidhamma Pitaka
(E) None of the above

25. किस चोल सम्राट ने गंगैकोंडा चोलपुरम में बृहदीश्वर मंदिर का निर्माण करवाया था ?

(A) राजराज प्रथम
(B) कुलोत्तुंग प्रथम
(C) राजेंद्र प्रथम
(D) राजराज द्वितीय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Chola emperor commissioned the construction of the Brihadisvara Temple at Gangaikonda Cholapuram ?

(A) Rajaraja I
(B) Kulothunga I
(C) Rajendra I
(D) Rajaraja II
(E) None of the above

26. X की आय Y की आय से 20% अधिक है, और Y की आय Z की आय से 10% अधिक है । यदि X की आय ₹ 26,400 है, तो Z की आय ज्ञात कीजिए।

(A) ₹ 18,480
(B) ₹ 20,000
(C) ₹ 24,000
(D) ₹ 22,000
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The income of X is 20% more than that of Y, and the income of Y is 10% more than that of Z. If X's income is ₹ 26,400, find the income of Z.

(A) ₹ 18,480
(B) ₹ 20,000
(C) ₹ 24,000
(D) ₹ 22,000
(E) None of the above

27. समीकरण को संतुष्ट करने वाले 'x' का मान ज्ञात कीजिए :

$\sqrt{136 + \sqrt{57 + \sqrt{49}}} + \sqrt{x} = 19$

(A) 343
(B) 14
(C) 49
(D) 7
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the value of 'x' that satisfies the equation :

$\sqrt{136 + \sqrt{57 + \sqrt{49}}} + \sqrt{x} = 19$

(A) 343
(B) 14
(C) 49
(D) 7
(E) None of the above

28. यदि (A – B) का 60%, (A + B) के 36% के बराबर है, तो B, A का कितना प्रतिशत है ?

(A) 30% (B) 25%

(C) 35% (D) 20%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 60% of (A – B) is equal to 36% of (A + B), then B is what percent of A ?

(A) 30% (B) 25%

(C) 35% (D) 20%

(E) None of the above

29. चार संख्याओं का औसत 12·5 है। यदि प्रत्येक संख्या में 2·5 की वृद्धि की जाती है, तो नया औसत होगा :

(A) 14·5 (B) 12·5

(C) 13·0 (D) 15·5

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The average of four numbers is 12·5. If each number is increased by 2·5, then the new average will be :

(A) 14·5 (B) 12·5

(C) 13·0 (D) 15·5

(E) None of the above

30. एक नाव को नदी के दो स्थानों के बीच धारा के अनुकूल जाने में 7 घंटे और धारा के प्रतिकूल जाने में 9 घंटे लगते हैं। यदि धारा की चाल 2 किमी/घंटा है, तो दोनों स्थानों के बीच की दूरी कितनी है ?

(A) 148 किमी (B) 120 किमी

(C) 128 किमी (D) 126 किमी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A boat takes 7 hours to travel downstream and 9 hours to travel upstream between two places on a river. If the speed of the stream is 2 km/h, what is the distance between the two places ?

(A) 148 km (B) 120 km

(C) 128 km (D) 126 km

(E) None of the above

31. कार्बोक्सिलिक अम्लों में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियात्मक समूह उपस्थित होता है ?

(A) – OH

(B) – COOH

(C) – CHO

(D) $-NH_2$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following functional groups is present in carboxylic acids ?

(A) – OH

(B) – COOH

(C) – CHO

(D) $-NH_2$

(E) None of the above

32. निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु है जो सामान्य (कक्ष) ताप पर द्रव अवस्था में रहती है ?

(A) कार्बन (B) ब्रोमीन

(C) क्लोरीन (D) आयोडीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which among the following is the non-metal that exists in a liquid state at room temperature ?

(A) Carbon (B) Bromine

(C) Chlorine (D) Iodine

(E) None of the above

33. मानव शरीर में किस हॉर्मोन के संश्लेषण के लिए आयोडीन आवश्यक है ?

(A) ऑक्सिन (B) थायरॉक्सिन

(C) इंसुलिन (D) एड्रिनलीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Iodine is necessary for the synthesis of which hormone in the human body ?

(A) Auxin (B) Thyroxine

(C) Insulin (D) Adrenaline

(E) None of the above

34. किस कोशिकांग को "कोशिका का शक्ति गृह" कहा जाता है क्योंकि यह एटीपी (एडिनोसीन ट्राइफॉस्फेट) के रूप में ऊर्जा संश्लेषित करता है ?

(A) राइबोसोम

(B) केंद्रक

(C) माइटोकॉन्ड्रिया

(D) गॉल्जी उपकरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which cell organelle is known as the "powerhouse of the cell" because it synthesizes energy in the form of ATP (Adenosine Triphosphate) ?

(A) Ribosome

(B) Nucleus

(C) Mitochondria

(D) Golgi apparatus

(E) None of the above

35. 6 Ω और 3 Ω के दो प्रतिरोधक पार्श्वक्रम (समानांतर) में जुड़े हुए हैं। उनका तुल्य प्रतिरोध क्या है ?

(A) 9 Ω

(B) 3 Ω

(C) 2 Ω

(D) 1 Ω

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Two resistors of 6 Ω and 3 Ω are connected in parallel. What is their equivalent resistance ?

(A) 9 Ω

(B) 3 Ω

(C) 2 Ω

(D) 1 Ω

(E) None of the above

36. निम्नलिखित में से वैज्ञानिक उपकरण और उसके द्वारा मापे जाने वाले प्राचल का कौन-सा युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?

(A) पाइरानोमीटर – वायु की दिशा

(B) हाइग्रोमीटर – सापेक्ष आर्द्रता

(C) बैरोमीटर – वायुमंडलीय दाब

(D) एनीमोमीटर – वायु की गति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pair of a scientific instrument and its measured parameter is ***not*** correctly matched ?

(A) Pyranometer – Wind direction

(B) Hygrometer – Relative humidity

(C) Barometer – Atmospheric pressure

(D) Anemometer – Wind speed

(E) None of the above

37. कौन-सा चैनल मिनिकॉय द्वीप को लक्षद्वीप के बाकी द्वीपों से अलग करता है ?

(A) डंकन मार्ग

(B) आठ डिग्री चैनल

(C) दस डिग्री चैनल

(D) नौ डिग्री चैनल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which channel separates Minicoy Island from the rest of the Lakshadweep Islands ?

(A) Duncan Passage

(B) Eight Degree Channel

(C) Ten Degree Channel

(D) Nine Degree Channel

(E) None of the above

38. गुजरात में कच्छ की खाड़ी पर स्थित कांडला पत्तन का नाम बदलकर निम्नलिखित में से क्या कर दिया गया है ?

(A) दीनदयाल पत्तन

(B) वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन

(C) कामराजर पत्तन

(D) श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Kandla Port, located on the Gulf of Kutch in Gujarat, has been renamed as which of the following ?

(A) Deendayal Port

(B) V.O. Chidambaranar Port

(C) Kamarajar Port

(D) Syama Prasad Mookerjee Port

(E) None of the above

39. विश्व की सबसे गहरी मीठे पानी (अलवणीय जल) की झील कौन-सी है ?

(A) बैकाल झील

(B) तांगानिका झील

(C) मलावी झील

(D) क्रेटर झील

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which is the deepest freshwater lake in the world ?

(A) Lake Baikal

(B) Lake Tanganyika

(C) Lake Malawi

(D) Crater Lake

(E) None of the above

40. पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट निम्नलिखित में से किन पहाड़ियों पर मिलते हैं ?

(A) पालनी पहाड़ियाँ

(B) नीलगिरि पहाड़ियाँ

(C) इलायची (कार्डामम) पहाड़ियाँ

(D) अनामलाई पहाड़ियाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Eastern Ghats and the Western Ghats meet at which of the following hills ?

(A) Palani Hills

(B) Nilgiri Hills

(C) Cardamom Hills

(D) Anaimalai Hills

(E) None of the above

41. निम्नलिखित में से कौन भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित होने वाला पहला विदेशी नागरिक था ?

(A) खान अब्दुल गफ्फार खान

(B) शेख मुजीबुर रहमान

(C) मदर टेरेसा

(D) नेल्सन मंडेला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was the first foreign national to be awarded India's highest civilian honour, the Bharat Ratna ?

(A) Khan Abdul Ghaffar Khan

(B) Sheikh Mujibur Rahman

(C) Mother Teresa

(D) Nelson Mandela

(E) None of the above

42. मेची नदी भारत और किस देश के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा है ?

(A) बांग्लादेश

(B) नेपाल

(C) म्यांमार

(D) भूटान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Mechi River forms part of the international border between India and which country ?

(A) Bangladesh

(B) Nepal

(C) Myanmar

(D) Bhutan

(E) None of the above

43. UNFCCC के अंतर्गत 30वाँ पक्षकारों का सम्मेलन (COP30) निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था ?

(A) बाकू, अज़रबैजान

(B) बॉन, जर्मनी

(C) जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

(D) बेलेम, ब्राज़ील

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 30th Conference of the Parties (COP30) under the UNFCCC was held in which of the following cities ?

(A) Baku, Azerbaijan

(B) Bonn, Germany

(C) Geneva, Switzerland

(D) Belém, Brazil

(E) None of the above

44. किस प्रकार का विधेयक केवल लोकसभा में पेश किया जा सकता है और राज्यसभा में ***नहीं*** ?

(A) अध्यादेश प्रतिस्थापन विधेयक

(B) धन विधेयक

(C) साधारण विधेयक

(D) संविधान संशोधन विधेयक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which type of Bill can be introduced only in the Lok Sabha and ***not*** in the Rajya Sabha ?

(A) Ordinance replacing Bill

(B) Money Bill

(C) Ordinary Bill

(D) Constitution Amendment Bill

(E) None of the above

45. विश्व बैंक का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) वाशिंगटन डीसी, यूएसए

(B) न्यूयॉर्क, यूएसए

(C) लंदन, यूके

(D) जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The headquarters of the World Bank is located in :

(A) Washington DC, USA

(B) New York, USA

(C) London, UK

(D) Geneva, Switzerland

(E) None of the above

46. प्लेइंग इट *माय* वे निम्नलिखित में से किस भारतीय क्रिकेटर की आत्मकथा है ?

(A) राहुल द्रविड़ (B) सचिन तेंदुलकर
(C) एम.एस. धोनी (D) विराट कोहली
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Playing It My Way is the autobiography of which of the following Indian cricketer ?

(A) Rahul Dravid (B) Sachin Tendulkar
(C) M.S. Dhoni (D) Virat Kohli
(E) None of the above

47. कोणार्क सूर्य मंदिर, जो एक विशाल रथ के आकार में बना है, किस राज्य में स्थित है ?

(A) ओडिशा
(B) कर्नाटक
(C) आंध्र प्रदेश
(D) तमिलनाडु
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Konark Sun Temple, built in the shape of a giant chariot, is located in which state ?

(A) Odisha
(B) Karnataka
(C) Andhra Pradesh
(D) Tamil Nadu
(E) None of the above

48. साइप्रस की आधिकारिक मुद्रा क्या है ?

(A) पाउंड (B) डॉलर
(C) लीरा (D) यूरो
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the official currency of Cyprus ?

(A) Pound (B) Dollar
(C) Lira (D) Euro
(E) None of the above

49. भारत में प्रत्येक 12 वर्ष बाद सिंहस्थ मेला किस नदी के किनारे आयोजित किया जाता है ?

(A) नर्मदा (B) गंगा
(C) यमुना (D) क्षिप्रा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

On the banks of which river is the Simhastha Mela held after every 12 years in India ?

(A) Narmada (B) Ganga
(C) Yamuna (D) Kshipra
(E) None of the above

50. भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस किस वैज्ञानिक परिघटना की खोज की याद में मनाया जाता है ?

(A) रमन प्रभाव
(B) प्रकाश-विद्युत प्रभाव
(C) डॉप्लर प्रभाव
(D) हॉल प्रभाव
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

National Science Day in India is celebrated to commemorate the discovery of which scientific phenomenon ?

(A) Raman Effect
(B) Photoelectric Effect
(C) Doppler Effect
(D) Hall Effect
(E) None of the above

51. यदि 1 जनवरी, 2024 को सोमवार था, तो 1 जनवरी, 2025 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

(A) बुधवार (B) मंगलवार
(C) गुरुवार (D) सोमवार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 1st January, 2024 was a Monday, then which day of the week was 1st January, 2025 ?

(A) Wednesday (B) Tuesday
(C) Thursday (D) Monday
(E) None of the above

52. प्रतिभागियों की एक पंक्ति में, सुरेश बाएँ से 18वें स्थान पर है और राहुल दाएँ से 24वें स्थान पर है। यदि सुरेश और राहुल के बीच 6 प्रतिभागी खड़े हैं, तो पंक्ति में प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या कितनी है ?

(A) 52 (B) 48

(C) 50 (D) 42

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a row of participants, Suresh is 18th from the left and Rahul is 24th from the right. If 6 participants are standing between Suresh and Rahul, what is the maximum number of participants in the row ?

(A) 52 (B) 48

(C) 50 (D) 42

(E) None of the above

53. निम्नलिखित प्रश्न में दो शब्दों का एक युग्म है, जिनके बीच एक निश्चित संबंध है, जिसके बाद चार शब्द युग्म दिए गए हैं। मूल शब्द युग्म के समान संबंध वाला शब्द युग्म चुनिए।

कुर्सी : लकड़ी : : ?

(A) प्लेट : भोजन

(B) किताब : छपाई

(C) पर्स : पैसा

(D) दर्पण : काँच

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The following question consists of two words, that have a certain relationship with each other, followed by four pairs of words. Select the word pair that has the same relationship as the original pair of words.

Chair : Wood : : ?

(A) Plate : Food

(B) Book : Print

(C) Purse : Money

(D) Mirror : Glass

(E) None of the above

54. यदि X, Y की बहन है, Y, Z का पिता है और Z, W का भाई है, तो X का W से क्या संबंध है ?

(A) माँ (B) बुआ

(C) पुत्री (D) बहन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If X is the sister of Y, Y is the father of Z and Z is the brother of W, then how is X related to W ?

(A) Mother (B) Paternal aunt

(C) Daughter (D) Sister

(E) None of the above

55. यदि दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कौन-सा शब्द तीसरे स्थान पर आएगा ?

(A) Prank (B) Practice

(C) Practical (D) Praise

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the given words are arranged in English alphabetical order, which word will appear in the third position ?

(A) Prank (B) Practice

(C) Practical (D) Praise

(E) None of the above

Direction : *Read the following passage carefully and answer the questions (56 and 57) that follow :*

Social media offers a strange contradiction in modern life. On one hand, it is a brilliant tool for connection, allowing friends across the globe to share moments instantly. On the other hand, it can create a deep sense of isolation. In this digital world, the feeling of being surrounded by people and the feeling of being completely alone exist side by side. While platforms help us find communities that share our rare interests, they also trap us in endless scrolling, comparing our real lives to the filtered, perfect pictures of others. Unlike traditional friendships built on face-to-face trust, online connections can sometimes feel shallow. It is a powerful invention that brings the world closer, yet often pushes people in the same room further apart.

56. What does the phrase "strange contradiction" refer to in the passage ?

(A) The preference for virtual communities over real-world interests

(B) The coexistence of global connectivity alongside personal isolation

(C) The requirement of face-to-face trust to build online social networks

(D) The technical difficulty of maintaining long-distance relationships online

(E) None of the above

57. How do online connections sometimes differ from traditional friendships, according to the passage ?

(A) They require more face-to-face time.

(B) They are consistently more genuine and long-lasting.

(C) They can feel superficial or lacking in depth.

(D) They are restricted to interaction between people in physical proximity.

(E) None of the above

58. Choose the correct prepositions to fill in the blanks.

Tom agreed _____ me on that point and he immediately acted _____ my advice.

(A) to, on

(B) with, upon

(C) with, to

(D) by, upon

(E) None of the above

59. Choose the word that is most nearly opposite in meaning to "FRUGAL".

(A) Extravagant

(B) Thrifty

(C) Economical

(D) Prudent

(E) None of the above

60. Choose the correct articles to fill in the blanks. If no article is required, choose "No article".

_____ dogs make great pets, but _____ dogs next door bark all night.

(A) A / No article (B) No article / the

(C) The / No article (D) A / the

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (61 से 65) के उत्तर दीजिए :*

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य एक युगांतकारी परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है, जहाँ 'ग्रीन हाइड्रोजन' को भविष्य के स्वच्छ ईंधन का सबसे विश्वसनीय स्तंभ माना जा रहा है। पारंपरिक रूप से उपयोग होने वाली हाइड्रोजन का एक बड़ा हिस्सा जीवाश्म ईंधनों से निर्मित होता है, जिसे 'ग्रे हाइड्रोजन' कहा जाता है और इसकी उत्पादन प्रक्रिया में भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन होता है । इसके विपरीत, ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सौर या पवन ऊर्जा) का उपयोग करके जल के विद्युत अपघटन द्वारा किया जाता है । इस प्रक्रिया के एकमात्र सह-उत्पाद ऑक्सीजन और जलवाष्प होते हैं, जो इसे पूर्णतः पर्यावरण-अनुकूल और शून्य-कार्बन तकनीक बनाते हैं।

पहली नज़र में ग्रीन हाइड्रोजन औद्योगिक डीकार्बोनाइज़ेशन का रामबाण इलाज प्रतीत होती है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ सीधे तौर पर बिजली का उपयोग करना कठिन है, जैसे भारी स्टील उद्योग, समुद्री नौवहन और विमानन क्षेत्र। परंतु, इस हरित ईंधन के व्यापक व्यावसायिक उपयोग के मार्ग में कई सूक्ष्म तकनीकी और आर्थिक बाधाएँ विद्यमान हैं। वर्तमान में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की लागत पारंपरिक ईंधनों की तुलना में अत्यधिक उच्च है, क्योंकि विद्युत अपघटन के लिए आवश्यक इलेक्ट्रोलाइज़र तकनीक बेहद खर्चीली है।

इसके अतिरिक्त, हाइड्रोजन ब्रह्मांड का सबसे हल्का तत्त्व होने के कारण अत्यधिक ज्वलनशील है, जिससे इसके सुरक्षित भंडारण और लंबी दूरी के परिवहन के लिए अत्यधिक उच्च दबाव और क्रायोजेनिक तापमान की आवश्यकता होती है । इसके लिए एक विशाल और सुरक्षित नए बुनियादी ढाँचे के निर्माण की आवश्यकता है। चुनौती केवल स्वच्छ ईंधन बनाने की नहीं है, बल्कि इसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सुरक्षित रूप से सुलभ बनाने की भी है।

61. ग्रे हाइड्रोजन मुख्यतः किससे बनती है ?

(A) पवन ऊर्जा

(B) जल ऊर्जा

(C) जीवाश्म ईंधन

(D) सौर ऊर्जा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. हाइड्रोजन के सुरक्षित भंडारण के लिए किस तापमान की आवश्यकता होती है ?

(A) उच्च (B) सामान्य

(C) क्रायोजेनिक (D) अति उच्च

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किस प्रक्रिया द्वारा किया जाता है ?

(A) दहन प्रक्रिया

(B) रासायनिक संयोजन

(C) तापीय अपघटन

(D) विद्युत अपघटन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. ग्रीन हाइड्रोजन को भविष्य के _____ का सबसे विश्वसनीय स्तंभ माना जा रहा है।

(A) जीवाश्म ईंधन

(B) स्वच्छ ईंधन

(C) जैव ईंधन

(D) पारंपरिक ईंधन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. हाइड्रोजन ब्रह्मांड का सबसे _____ तत्त्व होने के कारण अत्यधिक ज्वलनशील है।

(A) हल्का (B) सुरक्षित

(C) उच्च (D) भारी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (66 से 70) के उत्तर दीजिए :*

साहित्य समाज का दर्पण है। सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखने वाली और निर्दोष होने पर भी, यदि कोई भाषा अपना निज का साहित्य नहीं रखती तो वह, रूपवती भिखारिन की तरह, कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। उसकी शोभा, उसकी श्रीसंपन्नता, उसकी मान-मर्यादा उसके साहित्य पर ही अवलंबित रहती है। जाति विशेष के उत्कर्षापकर्ष का, उसके उच्च-नीच भावों का, उसके धार्मिक विचारों और सामाजिक संगठन का उसके ऐतिहासिक घटनाचक्रों और राजनीतिक स्थितियों का प्रतिबिंब देखने को यदि कहीं मिल सकता है तो उसके ग्रंथ-साहित्य में ही मिल सकता है। सामाजिक शक्ति या सजीवता, सामाजिक अशक्ति या निर्जीवता और सामाजिक सभ्यता तथा असभ्यता का निर्णायक एकमात्र साहित्य है।

साहित्य किसी समाज की केवल बाहरी दशा का चित्र प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि उसके अंतर्मन में विद्यमान विचारों, भावनाओं और जीवन-मूल्यों को भी व्यक्त करता है। किसी समाज के साहित्य को पढ़कर उसके आदर्शों, संघर्षों, आकांक्षाओं और अनुभवों का परिचय प्राप्त किया जा सकता है। समय के परिवर्तन के साथ समाज की धारणाएँ और आवश्यकताएँ भी बदलती रहती हैं और इन परिवर्तनों की छाप साहित्य पर पड़ती है। इस प्रकार साहित्य अतीत और वर्तमान के बीच एक सजीव सेतु का कार्य करता है। वह आने वाली पीढ़ियों को अपने पूर्वजों के विचारों और अनुभवों से परिचित कराता है तथा समाज को अपनी उपलब्धियों और कमियों पर विचार करने की प्रेरणा देता है। इसी कारण समृद्ध साहित्य किसी भाषा और समाज की सांस्कृतिक चेतना की पहचान माना जाता है।

66. साहित्य अतीत और वर्तमान के बीच किस प्रकार का कार्य करता है ?

(A) चित्रण

(B) सेतु

(C) दर्पण

(D) बाधा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. गद्यांश के अनुसार समृद्ध साहित्य किसी भाषा और समाज की _____ चेतना की पहचान माना जाता है।

(A) राजनीतिक
(B) आर्थिक
(C) ऐतिहासिक
(D) सांस्कृतिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. लेखक के अनुसार समाज का दर्पण है

(A) धारणाएँ
(B) संस्कृति
(C) इतिहास
(D) साहित्य
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. लेखक ने साहित्य-विहीन भाषा की तुलना किससे की है ?

(A) चतुर लेखक से
(B) साधारण ग्रामीण से
(C) रूपवती भिखारिन से
(D) निर्धन किसान से
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. जाति विशेष के उत्कर्षापकर्ष का प्रतिबिंब कहाँ देखने को मिलता है ?

(A) उसके ग्रंथ-साहित्य में
(B) उसके सामाजिक ग्रंथों में
(C) उसके ऐतिहासिक घटनाचक्रों में
(D) उसके राजनीतिक अभिलेखों में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. 'जिसका कोई आकार न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द है :

(A) नश्वर
(B) निराकार
(C) विकृत
(D) निराधार
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. 'युगल' का विलोम शब्द है :

(A) यमल
(B) संयुक्त
(C) समष्टि
(D) एकल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) चौकन्ना होना
(B) चले जाना
(C) साथ देना
(D) तैयार होना
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. 'वनौषध' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(A) दीर्घ संधि
(B) यण् संधि
(C) वृद्धि संधि
(D) गुण संधि
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?

(A) पूजनिय
(B) पूज्यनिय
(C) पूजनीय
(D) पूज्यनीय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं


निर्देश : *नीचे दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (76 से 80) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following bar graph and answer the questions (76 to 80) that follow :*

छह उत्पादों (A, B, C, D, E और F) का वार्षिक उत्पादन

Annual production of six products

(A, B, C, D, E and F)



76. यदि उत्पाद F की 80 इकाइयाँ उत्पाद A में स्थानांतरित की जाती हैं, जबकि सभी छह उत्पादों का कुल उत्पादन अपरिवर्तित रहता है, तो उत्पाद A के संशोधित उत्पादन का उत्पाद F के संशोधित उत्पादन से अनुपात क्या है ?

(A) 1 : 3 (B) 5 : 9

(C) 2 : 5 (D) 4 : 7

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 80 units of Product F are transferred to Product A, while the total production of all six products remains unchanged, what is the ratio of the revised production of Product A to the revised production of Product F ?

(A) 1 : 3 (B) 5 : 9

(C) 2 : 5 (D) 4 : 7

(E) None of the above

77. यदि उत्पाद D के उत्पादन में 20% की वृद्धि होती है, जबकि उत्पाद E का उत्पादन अपरिवर्तित रहता है, तो उत्पाद D के संशोधित उत्पादन और उत्पाद E के उत्पादन के बीच कितनी इकाइयों का अंतर है ?

(A) 48 इकाइयाँ

(B) 40 इकाइयाँ

(C) 32 इकाइयाँ

(D) 24 इकाइयाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the production of Product D increases by 20%, while the production of Product E remains unchanged, what is the difference (in units), between the revised production of Product D and the production of Product E ?

(A) 48 units

(B) 40 units

(C) 32 units

(D) 24 units

(E) None of the above

78. उत्पादों B और D के संयुक्त वार्षिक उत्पादन का उत्पादों C और E के संयुक्त वार्षिक उत्पादन से अनुपात क्या है ?

(A) 8 : 9 (B) 6 : 7

(C) 5 : 6 (D) 7 : 8

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined annual production of Products B and D to the combined annual production of Products C and E ?

(A) 8 : 9 (B) 6 : 7

(C) 5 : 6 (D) 7 : 8

(E) None of the above

79. उत्पाद C का वार्षिक उत्पादन, उत्पाद A के वार्षिक उत्पादन से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(A) 60% (B) 70%

(C) 55% (D) 40%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage is the annual production of Product C greater than the annual production of Product A ?

(A) 60% (B) 70%

(C) 55% (D) 40%

(E) None of the above

80. उत्पाद F का वार्षिक उत्पादन सभी छह उत्पादों के कुल वार्षिक उत्पादन का कितना प्रतिशत है ?

(A) 35% (B) 20%

(C) 25% (D) 30%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The annual production of Product F is what percentage of the total annual production of all six products ?

(A) 35% (B) 20%

(C) 25% (D) 30%

(E) None of the above

81. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति निम्नलिखित प्राधिकारियों में से कौन करता है ?

(A) भारत का राष्ट्रपति

(B) राज्य का राज्यपाल

(C) भारत का मुख्य न्यायाधीश

(D) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following authorities appoints the judges of a High Court ?

(A) President of India

(B) Governor of the State

(C) Chief Justice of India

(D) Chief Justice of the High Court

(E) None of the above

82. लोक सभा में प्रत्येक संसदीय बैठक के पहले घंटे को क्या कहा जाता है ?

(A) शून्यकाल

(B) प्रश्नकाल

(C) आधे घंटे की चर्चा

(D) स्थगन प्रस्ताव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the first hour of every Parliamentary sitting in the Lok Sabha called ?

(A) Zero Hour

(B) Question Hour

(C) Half-an-hour discussion

(D) Adjournment Motion

(E) None of the above

83. मौलिक (मूल) कर्तव्य, जो मूल रूप से अंगीकृत संविधान का हिस्सा ***नहीं*** थे, किस संवैधानिक संशोधन द्वारा जोड़े गए थे ?

(A) 24वाँ संवैधानिक संशोधन

(B) 52वाँ संवैधानिक संशोधन

(C) 43वाँ संवैधानिक संशोधन

(D) 44वाँ संवैधानिक संशोधन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Fundamental Duties, which were ***not*** part of the Constitution as originally adopted, were added by which Constitutional Amendment ?

(A) 24th Constitutional Amendment

(B) 52nd Constitutional Amendment

(C) 43rd Constitutional Amendment

(D) 44th Constitutional Amendment

(E) None of the above

84. भारत के संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 निम्नलिखित में से किस मौलिक (मूल) अधिकार से संबंधित हैं ?

(A) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(B) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

(C) स्वतंत्रता का अधिकार

(D) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Articles 23 and 24 of the Constitution of India deal with which of the following Fundamental Rights ?

(A) Right against Exploitation

(B) Cultural and Educational Rights

(C) Right to Freedom

(D) Right to Freedom of Religion

(E) None of the above

85. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (समिति)	सूची II (अध्यक्ष)
a. प्रारूप समिति	i. पं. जवाहरलाल नेहरू
b. संचालन समिति	ii. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
c. संघ संविधान समिति	iii. डॉ. बी.आर. अंबेडकर
d. प्रांतीय संविधान समिति	iv. सरदार वल्लभभाई पटेल

कूट :

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Committee)	List II (Chairman)
a. Drafting Committee	i. Pt. Jawaharlal Nehru
b. Steering Committee	ii. Dr. Rajendra Prasad
c. Union Constitution Committee	iii. Dr. B.R. Ambedkar
d. Provincial Constitution Committee	iv. Sardar Vallabhbhai Patel

Code :

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(E) None of the above

86. "भारतीय नियोजन के निर्माता" (आर्किटेक्ट ऑफ इंडियन प्लानिंग) के रूप में किसे माना जाता है ?

(A) डी.आर. गाडगिल

(B) पी.सी. महालनोबिस

(C) के.एन. राज

(D) वी.के.आर.वी. राव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who is regarded as the "Architect of Indian Planning" ?

(A) D.R. Gadgil

(B) P.C. Mahalanobis

(C) K.N. Raj

(D) V.K.R.V. Rao

(E) None of the above

87. किसी देश में एक निश्चित वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को क्या कहा जाता है ?

(A) निवल घरेलू उत्पाद (NDP)

(B) निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP)

(C) सकल घरेलू उत्पाद (GDP)

(D) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The sum of the monetary value of all final goods and services produced across all sectors within a country during a specific year is referred to as :

(A) Net Domestic Product (NDP)

(B) Net National Product (NNP)

(C) Gross Domestic Product (GDP)

(D) Gross National Product (GNP)

(E) None of the above

88. 1991 में पेश की गई भारत की नई आर्थिक नीति का मूल आधार सुधारों का कौन-सा समूह था ?

(A) राष्ट्रीयकरण, नियमन और संरक्षणवाद

(B) उदारीकरण, राष्ट्रीयकरण और स्थानीयकरण

(C) उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण

(D) निजीकरण, संरक्षणवाद और केंद्रीकरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which set of reforms formed the core of India's New Economic Policy introduced in 1991 ?

(A) Nationalisation, Regulation and Protectionism

(B) Liberalisation, Nationalisation and Localisation

(C) Liberalisation, Privatisation and Globalisation

(D) Privatisation, Protectionism and Centralisation

(E) None of the above

89. भारत में निम्नलिखित आर्थिक नियोजन पहलों को कालानुक्रम में, सबसे पुरानी से सबसे नई तक व्यवस्थित कीजिए :

I. राष्ट्रीय योजना समिति

II. बॉम्बे प्लान

III. जन योजना

IV. सर्वोदय योजना

(A) II → III → I → IV

(B) II → I → III → IV

(C) I → III → II → IV

(D) I → II → III → IV

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Arrange the following economic planning initiatives in India in chronological order, from earliest to latest :

I. National Planning Committee

II. Bombay Plan

III. People's Plan

IV. Sarvodaya Plan

(A) II → III → I → IV

(B) II → I → III → IV

(C) I → III → II → IV

(D) I → II → III → IV

(E) None of the above

90. भारतीय आर्थिक नियोजन में, "योजना अवकाश" किन दो पंचवर्षीय योजनाओं के बीच घोषित किया गया था ?

(A) दूसरी पंचवर्षीय योजना और तीसरी पंचवर्षीय योजना

(B) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना और छठी पंचवर्षीय योजना

(C) चौथी पंचवर्षीय योजना और पाँचवीं पंचवर्षीय योजना

(D) तीसरी पंचवर्षीय योजना और चौथी पंचवर्षीय योजना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In Indian economic planning, the "Plan Holiday" was declared between which two Five-Year Plans ?

(A) Second Five-Year Plan and Third Five-Year Plan

(B) Fifth Five-Year Plan and Sixth Five-Year Plan

(C) Fourth Five-Year Plan and Fifth Five-Year Plan

(D) Third Five-Year Plan and Fourth Five-Year Plan

(E) None of the above

91. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया (उत्तर प्रदेश) में निम्नलिखित में से किस नेता ने समानांतर सरकार की स्थापना की थी ?

(A) नरेन्द्र देव

(B) पुरुषोत्तम दास टंडन

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) चित्तू पांडेय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following leaders established a parallel government in Ballia (Uttar Pradesh) during the Quit India Movement ?

(A) Narendra Deva

(B) Purushottam Das Tandon

(C) Jayaprakash Narayan

(D) Chittu Pandey

(E) None of the above

92. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले

(B) दादाभाई नौरोजी

(C) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

(D) व्योमेश चंद्र बनर्जी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first President of the Indian National Congress ?

(A) Gopal Krishna Gokhale

(B) Dadabhai Naoroji

(C) Surendranath Banerjee

(D) Wyomesh Chandra Bonnerjee

(E) None of the above

93. 1928 में भू-राजस्व वृद्धि के विरुद्ध बारडोली में सफल किसान सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया था ?

(A) वल्लभभाई पटेल

(B) मोरारजी देसाई

(C) जे.बी. कृपलानी

(D) महादेव देसाई

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who led the successful peasant satyagraha in Bardoli in 1928 against land revenue hikes ?

(A) Vallabhbhai Patel

(B) Morarji Desai

(C) J.B. Kripalani

(D) Mahadev Desai

(E) None of the above

94. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रांतिकारी 1928 में जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या में सम्मिलित ***नहीं*** था ?

(A) राम प्रसाद बिस्मिल

(B) शिवराम राजगुरु

(C) चन्द्रशेखर आज़ाद

(D) भगत सिंह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which one of the following revolutionaries was ***not*** associated with the assassination of J.P. Saunders in 1928 ?

(A) Ram Prasad Bismil

(B) Shivaram Rajguru

(C) Chandrashekhar Azad

(D) Bhagat Singh

(E) None of the above

95. निम्नलिखित में से किसने 1907 में जर्मनी के स्टुटगार्ट में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का पहला संस्करण फहराया था ?

(A) सरोजिनी नायडू

(B) एनी बेसेंट

(C) भीकाजी कामा

(D) कल्पना दत्त

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following unfurled the first version of the Indian National Flag in Stuttgart, Germany, in 1907 ?

(A) Sarojini Naidu

(B) Annie Besant

(C) Bhikaji Cama

(D) Kalpana Datta

(E) None of the above

निर्देश : *नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (96 से 100) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (96 to 100) that follow :*

एक वर्ष के दौरान छह फैक्ट्रियों (A, B, C, D, E और F) द्वारा उत्पादित और बेची गई इकाइयों की संख्या

Number of units produced and sold by six factories (A, B, C, D, E and F) during a year

फैक्ट्री / Factory	उत्पादित इकाइयाँ / Units Produced	बेची गई इकाइयाँ / Units Sold
A	400	320
B	500	400
C	600	450
D	700	560
E	800	600
F	1000	800

96. फैक्ट्रियों B और D द्वारा मिलकर बेची गई कुल इकाइयाँ, फैक्ट्रियों A और E द्वारा मिलकर उत्पादित कुल इकाइयों का कितना प्रतिशत है ?

(A) 90%

(B) 85%

(C) 75%

(D) 80%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined units sold by Factories B and D are what percentage of the combined units produced by Factories A and E ?

(A) 90%

(B) 85%

(C) 75%

(D) 80%

(E) None of the above

97. फैक्ट्रियों C और E की न बिकने वाली इकाइयाँ मिलकर, उनके संयुक्त उत्पादन का कौन-सा अंश (भिन्न) हैं ?

(A) $\frac{1}{5}$ (B) $\frac{1}{4}$

(C) $\frac{2}{7}$ (D) $\frac{1}{3}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The unsold units of factories C and E together constitute what fraction of their combined production ?

(A) $\frac{1}{5}$ (B) $\frac{1}{4}$

(C) $\frac{2}{7}$ (D) $\frac{1}{3}$

(E) None of the above

98. यदि फैक्ट्री F के उत्पादन में से 80 इकाइयाँ फैक्ट्री A को स्थानांतरित कर दी जाती हैं, जबकि दोनों फैक्ट्रियों द्वारा बेची गई इकाइयों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो फैक्ट्री A की संशोधित न बिकी इकाइयों का फैक्ट्री F की संशोधित न बिकी इकाइयों से अनुपात क्या होगा ?

(A) 10 : 11

(B) 8 : 9

(C) 4 : 3

(D) 9 : 10

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 80 units of Factory F's production are transferred to Factory A, while the number of units sold by both factories remains unchanged, what will be the ratio of the revised unsold units of Factory A to the revised unsold units of Factory F ?

(A) 10 : 11

(B) 8 : 9

(C) 4 : 3

(D) 9 : 10

(E) None of the above

99. यदि फैक्ट्री C द्वारा उत्पादित 90 अतिरिक्त इकाइयाँ बेची जाती हैं, जबकि इसका कुल उत्पादन अपरिवर्तित रहता है, तो फैक्ट्री C द्वारा उत्पादित कुल इकाइयों का कितना प्रतिशत अब तक बिक चुका है ?

(A) 90%

(B) 93%

(C) 85%

(D) 88%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 90 additional units produced by Factory C are sold, while its total production remains unchanged, what percentage of the total units produced by Factory C are now sold ?

(A) 90%

(B) 93%

(C) 85%

(D) 88%

(E) None of the above

100. फैक्ट्रियों C, D और F द्वारा बेची गई इकाइयों के औसत का फैक्ट्रियों B, C और D द्वारा उत्पादित इकाइयों के औसत से अनुपात क्या है ?

(A) 181 : 180

(B) 190 : 181

(C) 191 : 120

(D) 171 : 191

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the average units sold by Factories C, D and F to the average units produced by Factories B, C and D ?

(A) 181 : 180

(B) 190 : 181

(C) 191 : 120

(D) 171 : 191

(E) None of the above